
# 1 एफपीओ बैंक या वित्तीय संस्थान से उधार क्यों लेता है?

एम्मानुएल मुर्रे & सी एस रेड्डी

## परिचय

इस एफपीओ वित्तीयन श्रृंख्ला का उद्देश्य सरल और व्यावहारिक तरीके से समझाना है कि उधार कैसे काम करता है, उधार लेने के साथ आने वाले अधिकार और उत्तरदायित्व क्या हैं, और ऋण तभी प्राप्त किया जाए जब आवश्यक हो और कुशल रूप से उपयोग सुनिश्चित करने के लिए क्या करें और क्या न करे।

एफपीओ वित्तीयन पर यह पुस्तिका सामान्य उपयोग के लिए, एफपीओ निदेशक मंडल, एफपीओ मुख्या प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों की जिम्मेदारी से ऋण उधार लेने और प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए जागरूकता, समझ और क्षमता वर्धन को ध्यान मैं रखते हुए बनाया गया हैं। यह आशा की जाती है कि जैसे-जैसे हम इस ज्ञान श्रृंखला को एक मॉड्यूलर तैयार करेंगे, यह एफपीओ के लिए एक पुस्तिका के रूप में विकसित होगा जो व्यापक रूप से उपलब्ध और नियमित रूप से संदर्भित होगा।




**क्या आपके एफपीओ को वास्तव में ऋण की आवश्यकता है?
केवल तभी उधार लें जब आपको वास्तव में ऋण की आवश्यकता हो**

## आरम्भ करें

### बधाई हो!

आपका एफपीओ पंजीकृत हो गया है, आवश्यक लाइसेंस प्राप्त कर लिया है, कर्मचारियों को नियुक्त कर लिए हैं और शायद इनपुट और/या उत्पाद विपणन के साथ कुछ व्यवसाय आरम्भ हो गया है। आपके एफपीओ के किसान-सदस्यों से अंश पूंजी मिली है और संस्थापक संस्था से सहयोग मिला है।

**ऋण लेने की सोच रहे हैं? क्या आपके एफपीओ पर ऋण लेने का दबाव है?**

**रूकिये !! आगे बढ़ने से पहले दो बार सोचें।**

कोई भी एफपीओ स्थापना के तुरंत बाद ऋण लेने के लिए तैयार नहीं होगा। किसान-सदस्यों से ली गयी अंश पूंजी और मिली गयी इक्विटी मिलान अनुदान से जो एफपीओ की पूंजी बनी हैं वह ऋण/ऋण का लाभ उठाने के लिए पर्याप्त हो सकता है।

**लेकिन क्या आपके व्यवसाय की जरूरतों के लिए लोन लेना वाकई जरूरी है? या आपका एफपीओ ऋण लेना चाहता है क्योंकि प्रवर्तकों/बाहरी लोगों का दबाव है? क्या आपके पास अपने किसानों और बाजारों से संबंधित जानकारी के विश्लेषण के आधार पर एक सुविचारित व्यवसाय योजना है? क्या ये समय ठीक है ऋण लेने के लिए?**




ऋण की एक लागत होती है (ब्याज और प्रसंस्करण शुल्क); यह ब्याज सहित चुकाने योग्य है। और इससे एक समय विधि के अंतर्गत चुकाना होता हैं। इस विषय मैं आपको और गंभीरता से सोचने की जरूरत है !!!

## सबसे अच्छा विकल्प: सबसे पहले अपने एफपीओ के पास उपलब्ध अपने पूंजी का उपयोग करें:

पैसा पैसा है, चाहे वह अंश पूंजी से हो या इक्विटी मिलान अनुदान से हो या उधार से। इसका सर्वोत्तम उपयोग करना होगा। इसलिए किसी ऋणदायी संस्था से उधार लेने से पहले, उपलब्ध आंतरिक संसाधनों का उपयोग अपनी व्यावसायिक योजना के आधार पर बेहतर ढंग से करें।

**क्या आप जानते हैं कि आपके अपने पूंजी की कोई प्रत्यक्ष लागत (ब्याज या दंड) नहीं है!!!**

आपके धन का इष्टतम उपयोग आपके निदेशक मंडल (बीओडी) की भागीदारी और स्वामित्व को बढ़ाएगा। एफपीओ को अपने पूंजी का उपयोग करने में काम जोखिम होता है और आपका एफपीओ उस अनुभव से व्यवसाय सीख सकता है। यदि आपके एफपीओ के पास १० लाख रुपये पूंजी हैं, तो आप बीज, उर्वरक, कीटनाशक आदि खरीदने के लिए उसी धनराशि को घुमाकर ५० लाख रुपये का कारोबार कर सकते हैं। इससे आपके निदेशक मंडल का व्यवसाय करने में विश्वास बढ़ेगा और आपकी अपनी क्षमता भी बढ़ेगी। इस प्रक्रिया में आपका एफपीओ कंपनियों के साथ व्यापारिक संबंध भी स्थापित करेगा और महत्वपूर्ण हितधारकों के बीच प्रतिष्ठा हासिल करेगा।

# प्रमुख सिख: आपके एफपीओ को ऋण लेने से पहले अपने उपलब्ध पूंजी का उपयोग करना चाहिए।

## आपके एफपीओ के लिए धन जुटाने के कुछ अन्य तरीके निम्नलिखित हैं:

### सरकार से अनुदान/सहायिकी

किसान समूहों और एफपीओ के लिए आरकेवीवाई (RKVY)/एमआईडीएच (MIDH)/पीएमएफएमई (PMFME) जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं से अनुदान उपलब्ध हैं। यदि आपको वास्तव में उन संपत्तियों (परिवहन वाहन, संग्रह केंद्र, प्रसंस्करण इकाई, कस्टम हायरिंग सेंटर, आदि) की आवश्यकता नहीं है, तो ऐसे अनुदान / सब्सिडी का उपयोग बिलकुल न करें। यदि आपने अपनी तैयारी अच्छे से कर लिया है और एक स्पष्ट व्यवसाय योजना लेकर आए हैं, तो एक सरकारी योजना के लिए आवेदन करने पर विचार करें। साथ ही, इस बात से अवगत रहें कि ऐसी योजनाओं तक पहुँचने से सरकार द्वारा आपके एफपीओ पर कुछ नियंत्रण के जोखिम भी जुड़े होते हैं और निहित स्वार्थ इसमें शामिल हो सकते हैं।

यदि आपको परिवहन वाहन या संग्रह केंद्र या प्रसंस्करण इकाई की आवश्यकता है, तो आप उन सरकारी योजनाओं तक पहुंच सकते हैं जिनमें एफपीओ के लिए ७५% तक का अनुदान है। ऐसे मामलों में, शेष २५% आसानी से एक स्थानीय बैंक से ऋण के रूप में प्राप्त किया जा सकता है, क्योंकि यह ऋण एक सरकारी योजना से जुड़ा हुआ है। ऐसे निवेश के लिए हमेशा एफपीओ के किसी सदस्य के बजाय एफपीओ से सीधा उधार लेने का विकल्प चुनें।

### व्यक्तियों / कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) फाउंडेशन से अनुदान

आपने एफपीओ के स्वयं के धन का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए बहुत अच्छा काम किया है। अब आपको निवेश या कार्यशील पूंजी के उद्देश्यों के लिए कुछ पूंजी की आवश्यकता है, आप अपने क्षेत्र के उच्च नेटवर्थ निवल मूल्य (एचएनआई) या कुछ कंपनियों से संपर्क कर सकते हैं जो अपने सीएसआर (कसर) पूंजी को अनुदान के रूप में प्रदान कर सकते हैं। फिर से, सावधान रहें कि केवल धन उपलब्ध होने के कारण अनुदान/निधि प्राप्त करने के जाल में न पड़ें। आपके एफपीओ को दिए गए किसी भी अनुदान से कुछ पेंच जुड़े हो सकते हैं!!! उन पैसों का क्या किया जाए, इस पर अप्रत्यक्ष प्रभाव हो सकता है!!! जो आपकी स्वायत्तता और स्वतंत्रता पर हावी हो सकता है।

### क्या आप ऋण के लिए पात्र हैं?

ऋण प्राप्त करने के लिए प्रत्येक ऋणदाता (बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान) के पास आपके लिए योग्यता मानदंड होंगे। अपने एफपीओ निदेशक मंडल को शामिल करते हुए, ऋण के लिए अपने एफपीओ की पात्रता का "स्व-मूल्यांकन" करने के मानदंडों से अवगत रहें। आपके एफपीओ का प्रदर्शन अच्छा होना चाहिए। निदेशक मंडल नियमित बैठकें आयोजित करता है? एफपीओ के पदाधिकारियों और अन्य बोर्ड सदस्यों को एफपीओ के प्रदर्शन के बारे में अच्छी समझ है और उन्होंने स्वामित्व विकसित किया है? एफपीओ के पास स्पष्ट दृष्टि और व्यवसाय योजना है? कम से कम ३०० शेयरधारक हैं? एफपीओ के पास बहीखाता रखने की अच्छी व्यवस्था है? सदस्य-किसानों को आवश्यकता-आधारित सेवाएं प्रदान हो रही हैं ? एफपीओ सभी कानूनी और वैधानिक अनुपालन सुनिश्चित कर रहा है? सभी सदस्य एफपीओ की सेवाओं से संतुष्ट हैं?

apmas

**सीखा गया सबक**
उचित परिश्रम करने के बाद सरकार / सीएसआर / एचएनआई से अनुदान / सब्सिडी प्राप्त करें और किसी भी समय आपके एफपीओ को अल्पकालिक लाभ के लिए आपकी स्वायत्तता और स्वतंत्रता से समझौता नहीं करना चाहिए !!!

## निदेशकों से ऋण

कंपनियां/सहकारी अधिनियम निदेशकों/बोर्ड के सदस्यों से उधार लेने की अनुमति देते हैं। यह उचित ब्याज के साथ हो सकता है। सदस्यों से उधार लेना प्रतिबंधित है।

## विक्रेता उधार

यदि आपका एफपीओ थोक में इनपुट खरीद रहा है और विक्रेता कुछ समय बाद भुगतान करने के लिए तैयार है, तो यह वित्त का एक स्रोत हो सकता है। बड़े किसान इंतजार कर सकते हैं और भुगतान पा सकते हैं। यह कहने से पहले कि यह कठिन है, इस विकल्प का अन्वेषण करें।

## खरीदारों से अग्रिम

इसी तरह, अगर एफपीओ से सामान और सेवाओं प्राप्त करने के लिए सदस्य-खरीदार आंशिक या पूर्ण रूप से अग्रिम भुगतान करते हैं, तो वह भी वित्त का एक स्रोत है।

## संकुल संघो/ एमएसीएस से ऋण

यदि एफपीओ के आसपास संकुल संघ/एमएसीएस हैं, जिसमे एफपीओ के भी सदस्य हैं, तो उनसे भी ऋण के लिए संपर्क किया जा सकता है। यह अन्य विकल्पों की तुलना में तेज़, अधिक सुविधाजनक होगा और संकुल संघ / एमएसीएस आपके व्यवसाय की सफलता में रुचि लेंगे।

इन सभी विकल्पों के समाप्त हो जाने के बाद भी आपके एफपीओ की व्यावसायिक जरूरतों को पर्याप्त रूप से पूरा नहीं करते हैं, एक औपचारिक ऋण संस्थान (बैंक / एनबीएफसी) से उधार लेना निश्चित रूप से एक विकल्प है और आपके एफपीओ द्वारा इसका उपयोग किया जाना चाहिए !!!।

## जब आपको वास्तव में ऋण की आवश्यकता हो तो उधार लेने में संकोच न करें!!!

एफपीओ के लिए मुख्य रूप से दो प्रकार के ऋणदाता हैं; एनबीएफसी और बैंक। प्रत्येक के अपने फायदे और नुकसान हैं। समुन्नति या नैबकिसान जैसी एनबीएफसी से उधार लेना बैंक की तुलना में जल्दी और आसान हो सकता है, पर लागत (ब्याज, प्रसंस्करण शुल्क, आदि) अधिक हो सकती है। इसी तरह, बैंक कैश क्रेडिट (सीसी) सीमा की पेशकश कर सकते हैं, जहां आपको जितनी जरूरत हो उतनी निकासी करने और जब आप चाहें तब चुकाने की सुविधा संभव है। एनबीएफसी ये सुविधा शायद ही देंगे।

जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, हम प्रत्येक पहलू को अधिक विस्तार से समझाएंगे।

यदि आपके पास कोई प्रश्न या कोई विषय है जिसे समझने में आपको सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया पूछें, हम उनका उत्तर देंगे या आपके लिए उत्तर ढूंढेंगे।

## अगला विषय होगा: क्या एफपीओ ऋण के लिए पात्र है?

**For any queries/clarifications/ comments : write to fpofinance@apmas.org**

apmas
Plot 11 & 12, HIG, HUDA Colony, Tanesha Nagar, Near Dream Valley,
Manikonda, Hyderabad - 500089, Telangana.
Phone: +91 - 8413 - 403118
Website: http://apmas.org